733. राजस्थान के एकीकरण के तीसरे चरण मं संयुक्त राजस्थान के साथ किस राज्य को जोड़ा गया?

(a) मारवाड़ (b) जैसलमेर

(c) मेवाड़ (d) बीकानेर

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत/यांत्रिक)-2020

Ans. (c) – उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या

734. 18 अप्रैल, 1948 को संयुक्त राजस्थान का उद्घाटन किसने किया था?

(a) सरदार वल्लभभाई पटेल

(b) राज गोपालाचारी

(c) जवाहरलाल नेहरू

(d) वी. पी. मेनन

RPSC Van Rakshak Exam 11.12.2022 Shift-I

Ans. (c) : उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या

735. 30 मार्च 1949 को बृहत् राजस्थान का उद्घाटन किसने किया?

(a) सरदार वल्लभ भाई पटेल (b) वी.पी. मेनन

(c) एन.वी. गाडगिल (d) जवाहर लाल नेहरू

RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022

Ans. (a) : 30 मार्च 1949 को वृहत राजस्थान का उद्घाटन सरदार वल्लभ भाई पटेल ने किया था। वृहत राजस्थान के 'महाराज प्रमुख' उदयपुर के महाराणा भूपालसिंह को बनाया गया तथा इसकी राजधानी जयपुर बनाई गयी। 30 मार्च को वृहत राजस्थान के आस्तित्व में आने के बाद इस दिन को 'राजस्थान दिवस' घोषित किया गया। इसी उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष 30 मार्च को राजस्थान का स्थापना दिवस मनाया जाता है।

736. राजस्थान संघ का प्रधानमंत्री कौन बना?

(a) शोभाराम कुमावत (b) माणिकलाल वर्मा

(c) गोकुललाल असावा (d) भोगीलाल पांड्या

RPSC Van Rakshak 11.12.2020 (3 to 5 pm)

Ans. (c) : राजस्थान एकीकरण के द्वितीय चरण 25 मार्च 1948 में किशनगढ़, शाहपुरा, प्रतापगढ़, बाँसवाड़ा, डूँगरपुर और कुशलगढ़ (ठिकाना) राजस्थान में शामिल हुआ परिणामस्वरूप राजस्थान संघ बना। शाहपुरा रियासत के गोकुल लाल असाबा को प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया। राजस्थान संघ का राज प्रमुख कोटा के महाराजा महाराव भीम सिंह (महाराव कोटा) को बनाया गया था।

737. राजस्थान संघ का निर्माण 25 मार्च, 1948 को हुआ। इसमें महाराज प्रमुख किसे बनाया गया था?

(a) धौलपुर के महाराजा (b) करौली के महाराजा

(c) महाराव कोटा (d) सिरोही महाराजा

JEN (Civil) Degree 2020 Date 12.09.2021

Ans. (c) : उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या

738. राजस्थान का एकीकरण कितने चरणों में पूरा हुआ?

(a) आठ (b) पाँच

(c) छह (d) सात

Pashudhan Sahayak Date. 04.06.2022

पशुधन सहायक भर्ती परीक्षा-2018

RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020

Head Cleark Combined Exam-2018

Ans. (d) : राजस्थान का एकीकरण 7 चरणों में पूरा हुआ जो 17/18 मार्च 1948 से प्रारम्भ होकर 1 नवम्बर-1956 को सम्पन्न हुआ। इसमें कुल 8 वर्ष 7 माह 14 दिन का समय लगा।

1. प्रथम चरण	– मत्स्य संघ (18 मार्च 1948)
2. द्वितीय चरण	– पूर्वी राजस्थान (25 मार्च,1948)
3. तृतीय चरण	– संयुक्त राजस्थान (18 अप्रैल, 1948)
4. चतुर्थ चरण	– वृहत् राजस्थान (30 मार्च, 1949)
5. पंचम चरण	– संयुक्त वृहत् राजस्थान (15 मई, 1949)
6. षष्ठम् चरण	– राजस्थान संघ (26 जनवरी, 1950)
7. सप्तम् चरण	– राजस्थान (एकीकृत) (1 नवंबर, 1956)

739. राजस्थान एकीकरण के विभिन्न चरणों एवं तत्संबंधी तिथियों का निम्न में से असंगत युग्म कौन सा है?

	एकीकरण का चरण		**तिथि**
(a)	द्वितीय चरण	-	25 मार्च, 1948
(b)	तृतीय चरण	-	25 मार्च, 1949
(c)	चतुर्थ चरण	-	30 मार्च, 1949
(d)	पंचम चरण	-	15 मई 1949

पटवार-2020 (23 अक्टूबर, 2021)

Ans. (b) – उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

740. कौनसा कूट सुमेलित नहीं है?

	राजस्थान एकीकरण के चरण		**एकीकरण दिनांक**
(A)	तृतीय चरण	-	18 अप्रैल, 1948
(B)	चतुर्थ चरण	-	30 मार्च, 1948
(C)	पंचम चरण	-	15 मई, 1949
(D)	षष्ठम चरण	-	26 जनवरी, 1950

(a) A (b) B

(c) C (d) D

JEN Civil Diploma 21.08.2016

Ans. (b) – उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

741. राजस्थान का एकीकरण ....को पूर्ण हुआ।

(a) 30 मार्च, 1949

(b) 1 नवम्बर, 1956

(c) 15 अगस्त, 1947

(d) 26 जनवरी, 1950

कनिष्ठ अनुदेशक (मैकनिक रेफ्रिजरेशन) 2018

Investigator Exam Date-2016

Ans. (b) – उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या

742. भारत की आजादी के समय राजपूताना की देशी रियासतों की संख्या कितनी थी?

(a) 25 (b) 19

(c) 22 (d) 29

Udyog Nirikshak Exam (Code-38)-2018

उद्योग निरीक्षक भर्ती परीक्षा- 2018 (24 जून, 2018)

Ans. (c) : 1947 में भारत की आजादी के समय राजपूतों की कुल 22 (19- रियासतें व 3-ठिकाने) छोटी-बड़ी देशी रियासतें अपना अस्तित्व बनाये रखने के लिए संघर्षरत थी। जिसमें से एक 'अजमेर-मारवाड़ा' रियासत पर ब्रिटिश का कब्जा था और अन्य शेष 21 रियासतों पर देशी महाराजा काबिज थे।